भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1880

(दिनांक 22.12.2022 को उत्तर के लिए)
रोजगार मेले के माध्यम से नियुक्ति पत्र

1880. श्री दिग्विजय सिंह :
श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 22 नवंबर, 2022 को आयोजित रोजगार मेले में कितने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं;

(ख) माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी विभागों में विभिन्न पदों के लिए सौंपे गए नियुक्ति पत्रों की कुल संख्या कितनी है, तत्संबंधी विभागवार और पदवार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन विज्ञापनों की तिथि क्या है और भर्ती प्रक्रिया का चरण-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र संबंधी नौकरियां केन्द्र सरकार में हैं, राज्य सरकार में हैं या कहीं और हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): देश भर में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और अब तक विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों(पीएसयू)/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि द्वारा लगभग 1.47 लाख नई नियुक्तियां की गई हैं।

जिन विभागों में नई नियुक्तियाँ की गईं हैं, उनकी सूची संलग्न है।

नए नियुक्त पदों में शामिल है-

कॉन्स्टेबल, अध्यापक, व्याख्याता, नर्स, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर एवं अन्य तकनीकी और पराचिकित्सा पद, उप निरीक्षक, अवर श्रेणी लिपिक, आशुलिपिक, वैयक्तिक सहायक, आय-कर निरीक्षक, ग्रामीण डाक सेवक, बहुकार्यकर्मी इत्यादि।

(ग): रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। जब तक किसी विभाग द्वारा रिपोर्ट की गई रिक्तियाँ भरी जाती हैं, कुछ और नई रिक्तियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों एवं उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, सेवा से त्याग-पत्र, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं।

केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों(पीएसयू)/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि द्वारा इन रिक्तियों को भरने के लिए, या तो सीधे ही या फिर संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और कर्मचारी चयन आयोग आदि जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से समय-समय पर भर्ती की जाती है।

(घ) अभी तक आयोजित किए गए रोजगार मेला कार्यक्रमों में, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों(पीएसयू)/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि द्वारा नई नियुक्तियां की गई हैं।

संलग्नक

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
1	आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय
2	पशुपालन और डेयरी विभाग
3	संसदीय कार्य मंत्रालय
4	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
5	जनजातीय कार्य मंत्रालय
6	मत्स्य विभाग
7	जल संसाधन विकास और गंगा संरक्षण विभाग
8	परमाणु ऊर्जा विभाग
9	इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
10	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
11	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
12	विदेश मंत्रालय
13	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
14	उपभोक्ता मामले विभाग
15	खान मंत्रालय
16	सहकारिता मंत्रालय
17	सूचना और प्रसारण मंत्रालय
18	विद्युत मंत्रालय
19	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
20	रेल मंत्रालय
21	वस्त्र मंत्रालय
22	भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग
23	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
24	डाक विभाग
25	गृह मंत्रालय

26	**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
27	**इस्पात मंत्रालय**
28	**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
29	**वित्तीय सेवाएं विभाग**
30	**नागर विमानन मंत्रालय**
31	**उच्चतर शिक्षा विभाग**
32	**आर्थिक कार्य विभाग**
33	**राजस्व विभाग**
34	**पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय**
35	**संस्कृति मंत्रालय**
36	**उर्वरक विभाग**
37	**खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग**
38	**रक्षा मंत्रालय**
39	**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
40	**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय**
41	**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
42	**कोयला मंत्रालय**
43	**दूरसंचार विभाग**
44	**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**
45	**ग्रामीण विकास विभाग**
46	**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
47	**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
48	**भारी उद्योग विभाग**
49	**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**